अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 23 नवंबर 2021

PAGE NO. 07 : MIDDLE

एसआरएम कॉलेज के 80 बीटेक छात्र-छात्राओं का विप्रो टेक्नोलॉजीस में चयन

बरेली। विप्रो टेक्नोलॉजीस ने श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएम) कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी तथा श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के बीटेक सीएसई, आईटी, ईएंडसी इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के 80 छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों में 67 विद्यार्थी श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी, जबकि 13 विद्यार्थी श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नॉलोजी एंड रिसर्च के हैं। संस्थान के चेयरमैन डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता तथा डॉ. अनुज कुमार- निदेशक ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट और निर्मल जोशी प्लेसमेंट ऑफिसर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

राजश्री इंस्टीट्यूट में जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट-2021 का शुभारंभ

बरेली। राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी द्वारा एकेटीयू जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट-2021 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने दीप प्रज्ज्वलन, मशाल जलाकर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु खेलकूद प्रतियोगिताओं के रूप में प्रतिस्पर्धा बेहद लाभकारी है। संस्थान के चेयरमैन ने छात्रों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने एवं शैक्षिक माहौल को गतिशील बनाने में खेलकूद का अहम योगदान बताया। फेस्ट में बरेली, मुरादाबाद, शिकोहाबाद एवं श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी, बरेली, कृतिका कॉलेज, रक्षपाल बहादुर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, मुरादाबाद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, आर्य कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर राजश्री ट्रस्टी पीयूष गुप्ता, निदेशक शैक्षणिक प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार, निदेशक शोध एवं विकास डॉ. पंकज कुमार शर्मा एवं डॉ. साकेत अग्रवाल आदि उपस्थित थे।